3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

साथ पढ़ने वाला – सहपाठी

आज्ञा का पालन करने वाला – आज्ञाकारी

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के उदाहरण

1. जो क्षमा न किया जा सके — अक्षम्य
2. जहाँ पहुँचा न जा सके — अगम्य
3. बड़ा भाई — अग्रज
4. छोटा भाई — अनुज
5. जो वस्तु या व्यक्ति दिखाई न दे — अदृश्य
6. जिसके समान कोई दूसरा न हो — अद्वितीय
7. जो थोड़ा जानता हो — अल्पज्ञ
8. जो सब कुछ जानता हो — सर्वज्ञ
9. जो बिना वेतन काम करे — अवैतनिक
10. ऊपर कहा गया — उपर्युक्त
11. जिसकी बुद्धि कम हो — अल्पबुद्धि, मंदबुद्धि
12. जिसका कोई आधार न हो — निराधार
13. जिसका पति मर चुका हो — विधवा
14. जिसकी पत्नी मर चुकी हो — विधुर
15. पढ़ने वाला व्यक्ति — पाठक

16. जो जानने की इच्छा रखता हो — जिज्ञासु
17. मीठा बोलने वाला — मधुरभाषी
18. जो बहुत दिनों तक स्मरण रखने योग्य हो — चिरस्मरणीय
19. केवल फल खाकर रहने वाला — फलाहारी
20. शाक–सब्जी का भोजन करने वाला — शाकाहारी
21. माँस खाने वाला — माँसाहारी
22. जो चिंता से घिरा हो — चिंताग्रस्त
23. दस वर्षों का समूह/समय — दशाब्दी
24. सौ वर्षों का समूह/समय — शताब्दी
25. पंद्रह दिनों का समूह/समय — पाक्षिक